## PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS COMPILED BY MEDIA CELL (22.04.2025)

### HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE: 22.04.2025, PAGE-06

**आयोजन** | **ललित नारायण तिरहुत कॉलेज में रिसर्च मेथोडोलॉजी पर छह दिवसीय कार्यशाला शुरू**

# गुणवत्तापूर्ण शोध से बचेगी उच्च शिक्षा : वीसी

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** ललित नारायण तिरहुत (एलएनटी) कॉलेज में सोमवार को राजनीति शास्त्र विभाग, आईक्यू एसी सेल व एमएमटीसी (बीआरबीबीयू) के तत्वावधान में प्रविधि (रिसर्च मेथोडोलॉजी) पर कार्यशाला शुरू हुई। यह छह दिवसीय शोध कार्यशाला मल्टी डिसिप्लिनरी है। इसमें सभी विषयों के प्रतिभागी एवं संकाय के प्राध्यापक शामिल हुए।

इसकी शुरुआत बीआरए बिहार विवि के कुलपति प्रो. दिनेश चंद्र राय की अध्यक्षता में हुई। उन्होंने कहा कि गुणवत्तापूर्ण शोध ही उच्च शिक्षा का अस्तित्व बचा सकता है। शोधार्थी को एक लक्ष्य निर्धारित कर शोध की दिशा में आगे बढ़ने के लिए संकल्पित होना चाहिए। कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अभय कुमार सिंह ने अतिथियों एवं प्रतिभागियों का स्वागत किया। उन्होंने कुलपति, एमएमटीसी के निदेशक राजीव झा और मुख्य साधनसेवी प्रो. रणविजय नारायण सिन्हा को शाल एवं पुष्प गुच्छ भेंट किया। कहा कि ज्ञान का संवर्धन शोध से संभव है। शोध के लिए नवीन नवाचारों का उपयोग किया जाना चाहिए। प्रो. राजीव ने कहा कि शोध को बहुआयामी बनाने की आवश्यकता है। तथ्यपरक शोध से समाज को नई दिशा दें सकते हैं। शोध सत्य की खोज है। प्रो. रणविजय ने कहा कि बहुआयामी शोध के अवसर तलाशने के लिए विभिन्न विषयों में अंतर्संबंध स्थापित करना चाहिए। पहले सत्र में मंच संचालन डॉ. अर्चना सिंह ने किया।

दूसरे सत्र के वक्ता पटना सांइस के भौतिकी के प्रोफेसर डॉ. शंकर कुमार थे। उनका व्याख्यान शोध की संपूर्णता पर था। उन्होंने कहा कि आज विषय की जड़ता समाप्त हो रही है। उच्च शिक्षा के केंद्र ज्ञान संवर्धन के केंद्र में बदल रहे हैं। अब विज्ञान का विद्यार्थी भी भाषा अध्ययन कर रहा है इससे अब पटना सांइस कॉलेज विज्ञान के लिए नहीं शिक्षालय के रूप में जाना जाता है।



सोमवार को एलएनटी कॉलेज में कार्यशाला का उद्घाटन करते वीसी व अन्य।

## शोध में आंकड़ों का उपयोग सावधानी से करें : रणविजय

आखिर सत्र मे पटना विवि के मनोविज्ञान के अवकाश प्राप्त पूर्व प्रोफेसर रणविजय नारायण सिन्हा ने कहा कि शोध में आंकड़ो का उपयोग सावधानी पूर्वक किया जाना चाहिए। सत्र का मंच संचालन डॉ. जितेंद्र कुमार मिश्रा ने किया। प्रथम दिन एक सत्र आनलाइन व दो सत्र मल्टीपरपस हाल में हुआ। आखिरी दिन शोधार्थी की परीक्षा होगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR
**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**
**PIN-842001 (BIHAR)**
**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE:22.04.2025, PAGE-04**

## एलएलएम प्रवेश परीक्षा 11 को आवेदन के लिए खुला पोर्टल

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरए बिहार विवि में मास्टर ऑफ लॉ (एलएलएम) की प्रवेश परीक्षा 11 मई को होगी। इसमें आवेदन के लिए पोर्टल सोमवार से खोल दिया गया है। पोर्टल 28 अप्रैल तक खुला रहेगा। परीक्षा का एडमिट कार्ड छात्र आठ मई से बिहार विवि की वेबसइट से डाउनलोड कर सकेंगे। परीक्षा का रिजल्ट 20 मई को जारी होने की उम्मीद है। प्रवेश परीक्षा के नोडल अधिकारी प्रो. टीके डे ने बताया कि इसमें 40 सीटें हैं। इसकी पढ़ाई सिर्फ एसकेजे लॉ कॉलेज में होती है।

प्रो. डे ने बताया कि एलएलएम फुल टाइम कोर्स है। इसमें चार सेमेस्टर की पढ़ाई होगी। प्रवेश परीक्षा में शामिल होने के लिए छात्रों को तीन या पांच वर्षीय एलएलबी की डिग्री 50 प्रतिशत अंकों के साथ होनी चाहिए। आरक्षित वर्ग को पांच प्रतिशत की छूट दी जाएगी। अंतिम वर्ष के एलएलबी परीक्षार्थी भी एलएलएम प्रवेश परीक्षा के लिए योग्य होंगे। लेकिन, छात्रों का दाखिला तभी होगा जब उनका रिजल्ट जारी हो जाएगा। एलएलएम में दाखिले के समय छात्रों को यह शपथ पत्र देना होगा कि वह अन्य किसी काम में संलग्न नहीं हैं। कोर्स में दाखिले के बाद छात्र दूसरे किसी विवि में दाखिला नहीं ले सकते हैं।

परीक्षा 100 प्रश्न बहुवैकल्पिक होंगे। इनमें 80 प्रतिशत सवाल एलएलएबी से होंगे। 20% सवाल सामान्य ज्ञान और अंग्रेजी से होंगे। विवि से एलएलबी छात्र को पांच अंक का वेटेज दिया जाएगा।

## विश्वविद्यालय में नामांकन एप को चालू करने की प्रक्रिया शुरू

**हि असर**

- प्ले स्टोर को एप चालू करने को भेजा गया अनुरोध
- हिन्दुस्तान की खबर पर विवि ने लिया संज्ञान

**मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता।** बीआरएबीयू में नामांकन एप को चालू करने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान' में 21 अप्रैल को खबर प्रकाशित होने के बाद विवि प्रशासन ने संबंधित एजेंसी को इसे जल्द चालू करने को कहा। एजेंसी की तरफ से बताया गया कि एप को चालू करने के लिए प्ले स्टोर को अनुरोध भेज दिया गया है। जल्द ही यह एप चालू हो जाएगा। एजेंसी का कहना है कि पिछले साल भी एप से 70 हजार आवेदन हुए थे।

बिहार विवि में नामांकन में सहूलियत के लिए एप तैयार किया गया है। लेकिन एप में पिछला सत्र ही दिख रहा था। पिछला सत्र शुरू होने से छात्र एप के माध्यम से आवेदन नहीं कर पा रहे हैं। विवि प्रशासन का कहना है कि जल्द ही एप शुरू होने के बाद छात्र घर बैठे आवेदन कर सकेंगे। बिहार विवि में अभी स्नातक में आवेदन चल रहा है। नामांकन एप के अलावा परीक्षा विभाग के एप को भी चालू करने के लिए विवि प्रशासन कवायद कर रहा है। परीक्षा नियंत्रक का कहना है कि इस एप के बारे में सभी कॉलेजों को जानकारी दी जाएगी। परीक्षा विभाग में इंटरनल के अंक भेजने के लिए एप तैयार किया गया था, लेकिन इसका इस्तेमाल नहीं किया गया।

**HINDUSTAN, MUZAFFARPUR**
**DATE: 22.04.2025, PAGE-06**

## विवि हेल्थ सेंटर में 6 दिन रहेंगे डॉक्टर

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू के हेल्थ सेंटर में हर दिन अलग-अलग विभागों के डॉक्टर आएंगे। विवि ने सोमवार को डॉक्टरों की सूची जारी की गई। सोमवार व गुरुवार को दोपहर तीन से चार बजे तक डॉ. राजेश जायसवाल फिजिशियन मौजूद रहेंगे। मंगलवार व शुक्रवार को दोपहर 1 से 3 बजे तक डॉ. विनित कुमार सिन्हा फिजिशियन मौजूद रहेंगे। बुधवार व शनिवार को 12 से दो बजे तक आंख के डॉक्टर व शनिवार को सुबह 9 से 11 बजे तक डॉ. वैष्णव फिजिशियिन मौजूद रहेंगे। हेल्थ सेंटर में 26 अप्रैल

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**Ref:....................** **Date:..........................**

## HINDUSTAN, MUZAFFARPUR
## DATE: 22.04.2025, PAGE-06

## पीजी थर्ड सेमेस्टर व बीएड की परीक्षा शुरू

मुजफ्फरपुर। बीआरएबीयू में पीजी थर्ड सेमेस्टर सत्र 2023-25 की परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। परीक्षा में 9900 परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं। परीक्षा सुबह 9 बजे से शुरू हुई। परीक्षा के लिए केंद्र विवि परीक्षा हॉल को बनाया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ सुबा लाल पासवान ने परीक्षा का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि परीक्षा शांतिपूर्ण तरीके से हुई। पीजी की परीक्षा के अलावा बीएड दूसरे वर्ष की परीक्षा सोमवार से शुरू हुई। बीएड की परीक्षा को आठ केंद्र बने हैं।

## कॉलेजों को परीक्षा फीस जमा करने का निर्देश

मुजफ्फरपुर। कॉलेजों ने स्नातक तीसरे सेमेस्टर की परीक्षा फीस बीआरएबीयू में जमा नहीं की है। इसको लेकर सोमवार को विवि के अधिकारियों ने बैठक की। इसमें वीसी प्रो. दिनेश चंद्र राय, रजिस्ट्रार प्रो. संजय कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबा लाल पासवान और यूएमआईएस को-ऑर्डिनेटर प्रो. टीके डे ने शामिल हुए। बैठक में कॉलेजों को जल्द फीस की राशि जमा करने को कहा गया। इसके अलावा समर्थ पोर्टल के लिए नोडल अफसर नियुक्त करने का भी निर्देश दिया।

## डॉ. चौधरी साकेत बने बजट एकाउंट अफसर

मुजफ्फरपुर। बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में डॉ. चौधरी साकेत को बजट अकाउंट अफसर बनाया गया है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने सोमवार शाम इस संबंध में अधिसूचना जारी की। बिहार विवि में पहली बार इस पद को सृजित किया गया है। अधिसूचना जारी करने के साथ ही डॉ. चौधरी को तत्काल प्रभाव से इस पद योगदान देने के लिए कहा गया है। वह विवि में बजट से संबंधित कार्य को देखेंगे।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

## BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR

## PIN-842001 (BIHAR)

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE: 22.04.2025, PAGE-05**

# एलएलएम में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 11 को

## 28 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे अभ्यर्थी, 80% प्रश्न एलएलबी से होंगे, 100 अंकों के होंगे आब्जेक्टिव प्रश्न

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर: बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने एलएलम प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन पोर्टल खोल दिया है। विद्यार्थी 28 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे। इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है। एलएलम कोर्स में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 11 मई को होगी। वहीं 20 मई को इसका परिणाम जारी किया जाएगा। प्रवेश परीक्षा के लिए आठ मई से अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे। प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर ही एलएलएम कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया पूरी होगी। प्रवेश परीक्षा 100 अंकों की होगी। इसमें सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे। प्रश्नों का 80 प्रतिशत हिस्सा एलएलबी कोर्स से संबंधित होगा। वहीं 20 प्रतिशत हिस्सा सामान्य अध्ययन से जुड़ा होगा। इसमें अंग्रेजी को भी शामिल किया जाएगा।

वहीं, बीआरए बिहार विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई कर चुके छात्रों को एलएलएम में नामांकन के लिए पांच अंकों का छूट दिया जाएगा। प्रवेश परीक्षा की भाषा हिंदी-अंग्रेजी होगी। 40 सीटों पर होने वाले नामांकन के लिए एलएलएम की प्रवेश परीक्षा हो रही है। इसमें से 2 सीट कुलपति और तीन सीटें संस्थान के लिए आरक्षित होंगी। प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन में सामान्य विद्यार्थियों को 1500 रुपये देने होंगे। वहीं एससी, एसटी और बीसी टू वर्ग के अभ्यर्थियों को 1200 रुपये देना होगा। दो वर्षीय पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए कोई भी उम्र सीमा नहीं है। प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन पाने वाले विद्यार्थियों को प्रति सेमेस्टर 22,500 रुपये फीस का भुगतान करना होगा। इसमें नामांकन शुल्क, ट्यूशन फीस, डेवलपमेंट शुल्क, मिड टर्म टेस्ट फीस, इंटरनल एसेसमेंट, लाइब्रेरी चार्ज, एकेडमिक डेवलपमेंट और एनएसएस और स्पोर्ट्स शुल्क शामिल है। एलएलएम कोर्स एक फुल टाइम कोर्स है। इसमें नामांकन पाने वाले छात्र-छात्राओं को यह शपथ पत्र देना होगा कि वे कहीं और पढ़ाई या नौकरी नहीं कर रहे हैं।

एलएलएम मे नामांकित विद्यार्थी पढ़ाई के दौरान किसी भी विश्वविद्यालय में कोई भी दूसरा कोर्स विद्यार्थी नहीं कर सकेंगे। 50 प्रतिशत अंकों के साथ एलएलबी उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थी ही एलएलएम में नामांकन के लिए योग्य माने जाएंगे। एलएलएम में फर्स्ट और सेकंड सेमेस्टर को संयुक्त रूप से एलएलएम पार्ट वन और थर्ड और फोर्थ सेमेस्टर को एलएलएम पार्ट टू कोर्स के नाम से जाना जाएगा। एलएलएम पार्ट वन में नामांकन से पहले एलएलबी का रिजल्ट जारी होना चाहिए। अगर ऐसा नहीं होता है तो विद्यार्थी नामांकन नहीं ले सकेंगे।

- बीआरएबीयू से एलएलबी करने वाले विद्यार्थी को मिलेगा पांच अंकों का वेटेज
- बीआरएबीयू से एलएलबी करने वाले विद्यार्थी को मिलेगा पांच अंकों का वेटेज



### ये है एलएलम से जुड़ी अहम तिथियां

- प्रवेश परीक्षा के लिए आनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि- 28 अप्रैल तक
- आवेदन को एडिट करने का विकल्प - दो - तीन मई तक
- एडमिट कार्ड डाउनलोड करने की तिथि - आठ मई से
- प्रवेश परीक्षा की तिथि - 11 मई को
- रिजल्ट प्रकाशन की संभावित तिथि - 20 मई

## पीजी थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा शांतिपूर्ण शुरू

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में पीजी सत्र 2023-25 के थर्ड सेमेस्टर की परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। पहले दिन की पहली पाली में इतिहास, संस्कृत, भोजपुरी व एआइएच एंड सी और दूसरे शिफ्ट में कामर्स, म्यूजिक व मैथिली के सीसी-10 पेपर की परीक्षा हुई। विश्वविद्यालय के परीक्षा भवन को केंद्र बनाया गया है। परीक्षा नियंत्रक डा. सुबालाल पासवान ने दूसरे शिफ्ट में परीक्षा का जायजा लिया और कदाचारमुक्त व स्वच्छ परीक्षा आयोजजन को लेकर दिशा-निर्देश दिए। बता दें कि 22 मई तक दो शिफ्ट में पीजी की परीक्षा आयोजित की जाएगी। पहले शिफ्ट सुबह नौ से 12 और दूसरे शिफ्ट में दोपहर दो से शाम पांच बजे तक परीक्षा होनी है। पीजी की परीक्षा के लिए विश्वविद्यालय मुख्यालय पर ही केंद्र बनाया जाता है।

Ref:....................                                                Date:..........................

DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR
DATE: 22.04.2025, PAGE-05

# छात्र संवाद में परीक्षा विभाग की कार्यशैली का छाया रहा मुद्दा

जागरण संवाददाता, मुजफ्फरपुर : बीआरए बिहार विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग की कार्यशैली का अजीबोगरीब दास्तां छात्रों ने सुनाया। किसी ने अंग्रेजी में परीक्षा दी तो उर्दू में अंक मिला, कोई एक साल से डिग्री के लिए चक्कर काट रहा है। संवाद कार्यक्रम में परीक्षा विभाग का मामला छाया रहा। एसएनएस्स कालेज मोतिहारी के छात्र सौरभ कुमार ने स्नातक सत्र 2019-22 में पार्ट वन की परीक्षा दी, लेकिन अंग्रेजी के पेपर में किसी कारण से अनुपस्थित हो गया। इसके चलते उसका रिजल्ट पेंडिंग हो गया। उसने दोबारा केवल अंग्रेजी की परीक्षा दी। इस बार विश्वविद्यालय ने रिजल्ट जारी किया, तो अंग्रेजी की जगह उर्दू विषय का अंक दे दिया। सौरभ अब रिजल्ट सुधार के लिए कालेज से से विश्वविद्यालय तक का चक्कर लगा रहा है। सोमवार को छात्र संवाद में उसने रिजल्ट सुधार के लिए आवेदन दिया। कुलानुशासक प्रो. बीएस राय ने संबंधित विभाग को सुधार कर रिजल्ट जारी करने का निर्देश दिया। पुराने गेस्ट हाउस में सोमवार को छात्र संवाद का आयोजन किया गया। संवाद में अधिकतर मामले रिजल्ट से संबंधित रहा। स्नातक सत्र 2019-22 की छात्रा शाहीन खातून एलएनटी कालेज में पढ़ती थी। बताया कि उसके पार्ट थर्ड के मार्कशीट पर पार्ट वन और टू का मार्क्स नहीं चढ़ाया गया है। इसके लिए वह पहले भी आवेदन दे चुकी है। एमएसकेबी कालेज से सत्र 2021-24 की छात्रा राजिया खातून ने आवेदन दिया कि उसके फाइनल रिजल्ट में पार्ट वन का मार्क्स जोड़कर संशोधित मार्कशीट जारी किया जाए। राजिया ने पार्ट वन की स्पेशल परीक्षा दी थी, जिसमें पास हो गई है। स्पेशल परीक्षा के रिजल्ट के साथ आवेदन देकर संशोधित मार्कशीट जारी करने का आवेदन दिया है।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**Ref:....................** **Date:..........................**

**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE:22.04.2025, PAGE-04**

# एलएलएम प्रवेश परीक्षा के लिए 28 अप्रैल तक विद्यार्थी कर सकेंगे आवेदन

वरीय संवाददाता, मुजफ्फरपुर

▫ एलएलएम कोर्स में नामांकन के लिए 11 मई को होगी परीक्षा, 20 मई को जारी होगा परिणाम

एलएलएम प्रवेश परीक्षा के लिए विद्यार्थी 28 अप्रैल तक आवेदन कर सकेंगे. बीआरए बिहार विश्वविद्यालय ने आवेदन के लिए पोर्टल खोल दिया है. एलएलएम कोर्स में नामांकन के लिए प्रवेश परीक्षा 11 मई को होगी. वहीं 20 मई को इसका परिणाम जारी किया जाएगा. प्रवेश परीक्षा के लिए आवेदन में सामान्य विद्यार्थियों को 1,500 रुपये देने होंगे. वहीं एससी, एसटी और बीसी टू वर्ग के अभ्यर्थियों को 1,200 रुपये देना होगा. दो वर्षीय पाठ्यक्रम में नामांकन के लिए कोई भी उम्र सीमा नहीं है. प्रवेश परीक्षा के आधार पर नामांकन पाने वाले विद्यार्थियों को प्रति सेमेस्टर 22,500 रुपये फीस का भुगतान करना होगा. इसमें नामांकन शुल्क, ट्युशन फीस, डेवलपमेंट शुल्क, मिड टर्म टेस्ट फीस, इंटरनल एसेसमेंट, लाइब्रेरी चार्ज, एकेडमिक डेवलपमेंट और एनएसएस और स्पोर्ट्स शुल्क शामिल है. इसके लिए विश्वविद्यालय की ओर से अधिसूचना जारी कर दी गई है.

**100 अंकों की होगी प्रवेश परीक्षा** : एलएलएम प्रवेश परीक्षा के लिए आठ मई से अभ्यर्थी एडमिट कार्ड डाउनलोड कर सकेंगे. प्रवेश परीक्षा में प्राप्तांक के आधार पर ही एलएलएम कोर्स में नामांकन की प्रक्रिया पूरी होगी. प्रवेश परीक्षा 100 अंकों की होगी. इसमें सभी प्रश्न वस्तुनिष्ठ होंगे. प्रश्नों का 80 प्रतिशत हिस्सा एलएलबी कोर्स से संबंधित होगा. वहीं 20 प्रतिशत हिस्सा सामान्य अध्ययन से जुड़ा होगा. इसमें अंग्रेजी को भी शामिल किया जाएगा.

**एलएलबी की पढ़ाई कर चुके छात्रों को पांच अंकों की छूट**

गाइडलाइन के अनुसार बीआरए बिहार विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई कर चुके छात्रों को एलएलएम में नामांकन के लिए पांच अंकों का छूट दिया जाएगा. प्रवेश परीक्षा की भाषा हिंदी - अंग्रेजी होगी. 40 सीटों पर होने वाले नामांकन के लिए एलएलएम की प्रवेश परीक्षा हो रही है. इसमें से 2 सीट कुलपति और तीन सीटें संस्थान के लिए आरक्षित होंगी.

खबर को वेबसाइट पर पढ़ने के लिए स्कैन करें.